मां बाला सुन्दरी दया करो

दया करो मां दया करो, बाला सुन्दरी दया करो,
नाव पड़ी मझधार है मेरी अब तो भव से पार करो....

विपदा ने मुझे घेर लिया है सब ने ही मुंह फेर लिया है,
छाया है घनघोर अंधेरा मैने तुम को टेर लिया है,
कहलाती हो मेहरा वाली अब तो मुझ पर मेहर करो,
दया करो मां दया करो बाला सुन्दरी दया करो....

सेवक हूं नादान में तेरी बगिया का ही फूल हू मैया,
जो भी हूं में जैसा भी हूं तेरे चरण की धूल हूं मैया,
देखो ना अब गुण मेरा भवानी अब तो सर पे हाथ धरो,
दया करो मां दया करो बाला सुन्दरी दया करो.....

नाम तुम्हारा है महामाया माया अजब निराली है,
त्रिलोकपुर में धाम है तेरा सब की तू रखवाली है,
सिंगला भी है बालक तेरा यूं ना चरण से दूर करो,
दया करो मां दया करो बाला सुन्दरी दया करो.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31469/title/maa-bala-sundri-dya-karo

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |